Mahendra's Daily Current Affairs: 25.09.2021

1-The new Chief Minister of Punjab Charanjit Singh Channi was sworn at Raj Bhavan in Chandigarh.

पंजाब के नये मुख्यमंत्री चरण जीत सिंह चन्नी ने चंडीगढ के राजभवन में शपथ ली।

2-Corporate India handed over an average increment of 8 per cent in 2021, and early estimates reveal that average increment for 2022 is expected to increase to 8.6 per cent in line with a healing economy and improving confidence, according to a Deloitte survey.

डेलॉयट के एक सर्वेक्षण के अनुसार, कॉरपोरेट इंडिया ने **2021** में अपने कर्मचारियों की औसतन **8** प्रतिशत की वेतन वृद्धि की, और शुरुआती अनुमानों से पता चलता है कि **2022** के लिए औसत वेतन वृद्धि **8.6** प्रतिशत तक जाने की उम्मीद है, जो एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था और आत्मविश्वास में सुधार के अनुरूप है।

3-Looking to regain lost ground in the credit cards segment, HDFC Bank announced a tie-up with leading payments company Paytm to start selling co-branded plastics before the onset of the festive season.

क्रेडिट कार्ड वर्ग में अपनी खोयी हुई जमीन को फिर से हासिल करने के लिए, एचडीएफसी बैंक ने प्रमुख ऑनलाइन भुगतान सेवा प्रदाता पेटीएम के साथ को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की बिक्री शुरू करने के लिए गठजोड़ की घोषणा की।

4-"The Crown" reigned supreme at this year''s Primetime Emmy Awards as the Netflix series won seven awards, including drama series and outstanding actress in a drama series for Olivia Colman''s outgoing stint as Queen Elizabeth II.

'द क्राउन' ने इस साल के प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स में ड्रामा सीरीज और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी समेत सात पुरस्कार जीतकर अपना दबदबा बनाए रखा, नेटफ्लिक्स पर प्रसारित कार्यक्रम में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की भूमिका के लिए ओलिविया कोलमैन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता।

5-In Russia, the ruling United Russia party of incumbent President Vladimir Putin has retained a majority in parliament after a three-day election.

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सत्तारूढ़ युनाईटेड रशिया पार्टी ने तीन दिवसीय चुनाव के बाद संसद में फिर बहुमत हासिल कर लिया है।

6-UK Prime Minister Boris Johnson has unveiled plans to tackle the country's long-standing "North-South" divide, appointing former Bank of England chief economist Andy Haldane as chief of a Levelling Up Taskforce.

ब्रिटेन के प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन ने बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री एंडी हाल्डेन को लेवलिंग अप टास्कफोर्स के प्रमुख के रूप में नियुक्त करते हुए देश के लंबे समय से चले आ रहे उत्तर-दक्षिण विभाजन से निपटने की योजना का अनावरण किया है।

7-Indian cricketer Virat Kohli has announced that he will step down as the captain of Royal Challengers Bangalore after the completion of the ongoing edition of the Indian Premier League.

विराट कोहली ने वर्तमान आईपीएल प्रतियोगिता के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की कप्तानी से हटने की घोषणा की है।

8-The jail sentence for the former Prime Minister of Bangladesh Begum Khaleda Zia in two corruption cases has been suspended for 6 more months.

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा ज़िया को भ्रष्टाचार के दो मामलों में मिली कारावास की सजा छह महीने के लिए निलम्बित कर दी गई है।

9-Odisha comes second in terms of registration in the e-SHRAM portal after Bihar.

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के मामले में ओडिसा ने बिहार के बाद दूसरा स्थान स्थान हासिल कर लिया है।

10-Former Chhattisgarh BJP MLA Yudhvir Singh Judev died in Bengaluru. He was 39.

छत्तीसगढ़ के पूर्व भाजपा विधायक युद्धवीर सिंह जुदेव का बेंगलुरु में निधन हो गया। वह **39** वर्ष के थे।